TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**12 सितंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है

इसलिए किसी को असफलता से घबराना नहीं चाहिए।

**सुभाष चंद्र बोस**



राकेश कुमार

# दिवस विशेष

12 सितंबर


मधु प्रिया

## लॉर्ड कार्नवालिस बने भारत के गवर्नर जनरल 12 सितंबर



12 सितंबर 1786 को लॉर्ड कार्नवालिस को भारत का गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया। लॉर्ड कार्नवालिस को शांति स्थापना और अंग्रेजी शासन के पुनर्गठन के लिए गवर्नर जनरल बनाया गया था। उनका पहला कार्यकाल 1786 से 1793 तक रहा। उनका दूसरा कार्यकाल 1805 तक था। हालांकि दूसरे कार्यकाल को पूरा करने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। लॉर्ड कार्नवालिस को भारत में एक निर्माता और सुधारक के रूप में भी जाना जाता है। इसके साथ-साथ उन्हें सिविल सेवा के जनक के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने न केवल अपने कार्यकाल में बहुत से प्रशासनिक सुधार किए बल्कि कलेक्टरों के अधिकार और उनके वेतन का भी निर्धारण किया। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था को एक नया आयाम देने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। इसलिए उन्हें पुलिस व्यवस्था का जनक भी कहा जाता है। 1790 से 1793 ई० में तृतीय मैसूर युद्ध कार्नवालिस के कार्यकाल में ही हुआ था। कार्नवालिस ने 1993 में कानून बनाया जिसे कार्नवालिस कोड के नाम से जाना जाता है। कार्नवालिस कोड में कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों का विभाजन किया गया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने फौजदारी कानून में परिवर्तन करते हुए 1797 में एक कानून पास किया जिसमें यह लिखा गया की हत्या करने वाले को भावना के आधार पर दंडित किया जाना चाहिए।प्रशासनिक व्यवस्था के सुधार हेतु उन्होंने अंग्रेजी मजिस्ट्रेट को पुलिस का भार दिया था। कार्नवालिस द्वारा किए गए बदलाव भारतीय इतिहास के पन्नों में आज भी दर्ज है। उनके द्वारा भूमि कर व्यवस्था में भी सुधार करते हुए सर जॉन शोर के सहयोग से एक नीति निर्धारण किया गया था, जिसमें भूमि पर अंतिम स्वामित्व जमींदारों के हक में था। 1793 में जमींदार को जमींदारी को लेकर कानून बनाया गया था जिसमें जमींदारों को भू राजस्व का 8/9 भाग ईस्ट इंडिया कंपनी को देना था। इस भू कर व्यवस्था को लेकर बाद में कुछ संशोधन भी किए गए। कार्नवालिस ने अपने कार्यकाल में व्यवस्थित तरीकों से प्रशासनिक कार्यों का निर्वाह किया था। इसके बाद 1805 में सिर्फ 67 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। गाजीपुर में कर्नवालिस का मकबरा है जिसे लाठ साहब के नाम से जाना जाता है।

# पुण्यतिथि विशेष 12 सितंबर




**नॉर्मन अर्नेस्ट बोरलॉग** (25 मार्च 1914 - 12 सितम्बर 2009) नोबेल पुरस्कार विजेता एक अमेरिकी कृषिविज्ञानी थे, जिन्हें हरित क्रांति का पिता माना जाता है। बोरलॉग उन पांच लोगों में से एक हैं, जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार, स्वतंत्रता का राष्ट्रपति पदक और कांग्रेस के गोल्ड मेडल प्रदान किया गया था। इसके अलावा उन्हें भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण प्रदान किया गया था। बोरलॉग की खोजों से दुनिया के करोड़ों लोगों की जीवन बची है।

 राकेश कुमार

MATH TLM

27 Class-6to8

# सतत समानुपाती

## (Continued proportion )

जब तीन सजातीय राशियों में से पहली और दूसरी राशि का अनुपात, दूसरी और तीसरी राशि के अनुपात के बराबर हो तब ऐसी राशियां सतत समानुपाती कहलाती हैं।

जैसे। 3 : 9 = 9 : 27

दूसरी राशि को पहली और तीसरी राशि का मध्य समानुपाती कहते हैं तथा तीसरी राशि को पहली और दूसरी राशि का तृतीय समानुपाती कहते हैं।

3 : 9 = 9 : 27 में 3और 27 का मध्य समानुपाती 9 हुआ और 3 एवं 9 का तृतीय समानुपाती 27हुआ।

Anu Priya, Science Teacher

# ATP मेंस टेनिस रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्लोस अल्काराज | स्पेन | 11,540 |
| 2 | जानिक सिनर | इटली | 10,780 |
| 3 | अलेक्जेंडर ज्वेरेव | जर्मनी | 5,930 |
| 4 | नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 4,830 |
| 5 | टेलर फ्रिट्ज | अमेरिका | 4,675 |
| 6 | बेन शेल्टन | अमेरिका | 4,280 |
| 7 | जैक ड्रेपर | ब्रिटेन | 3,690 |
| 8 | एलेक्स डी मिनॉर | ऑस्ट्रेलिया | 3,545 |
| 9 | लोरेंजो मुस्सेटी | इटली | 3,505 |
| 10 | कैरेन खाचानोव | रूस | 3,280 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.09.2025

## ज्ञान का अनुप्रयोग

ज्ञान का अनुप्रयोग **(Application of Knowledge)** वह प्रक्रिया है जिसमें हम सैद्धांतिक ज्ञान, कौशल और सूचनाओं को वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में लागू करके समस्या-समाधान, निर्णय लेने और कार्य करने के लिए उपयोग करते हैं। यह वह सेतु है जो ज्ञान को कार्य से जोड़ता है और यह सुनिश्चित करता है कि प्राप्त जानकारी या कौशल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सके, जिससे व्यक्तियों, संगठनों और समाजों का विकास हो सके।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



रामनगरी अयोध्या दीपोत्सव-2025 में एक बार फिर नया इतिहास रचने जा रही है। आगामी 19 अक्टूबर को सरयू तट, राम की पैड़ी और अन्य घाटों पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

 राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### सेलरी



मुझमें पानी, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर ,कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस ,पोटेशियम, सोडियम, vit.B-6, B-3,C,A,K,B-1,B-2 आदि पाया जाता है।

Anu priya

www.teachersofbihar.org


# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Mail



मेल (डाक)

Male



पुरुष



Anupriya

# पद्य पंकज

"

"सोचा" था "घर "
बनाकर बैठूंगा सुकून से.......
पर घर की जरूरतों ने
"मुसाफिर" बना डाला!!!!
"सुकून" की बात
मत कर ऐ गालिब......
बचपन वाला "इतवार"
अब नहीं आता

**हरिवंशराय बच्चन**

Madhu priya


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

भारत के पूर्व मंत्री एवं
हिमालय प्रदेश के
भूतपूर्व मुख्यमंत्री

# शांता कुमार

को जन्मदिन पर अशेष
मंगलकामनाएं।





12 सितंबर 1934

Madhu priya

www.teachersofbihar.org